p>

Title: Need to include Majhwar caste of Uttar Pradesh in the list of Scheduled castes.

श्री रमेश बिन्द (भदोही): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । माननीय सभापति जी, आपका ध्यान 17 अति पिछड़ी जातियां बिंद, निषाद, कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, कुम्हार, प्रजापति, भर, राजभर जातियां 1950 से संविधान में अनुसूचित जाति के रूप में दर्ज हैं । माननीय अध्यक्ष जी, मैं सदन को अवगत करना चाहता हूं ।

मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि सेंशस ऑफ इंडिया, 1961 अपेंडिक्स मैनुअल पार्ट-1, उत्तर प्रदेश में 66 समुदायों को अनुसूचित जातियों की सभी उपजातियों को अनुसूचित जाति के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें क्रमांक-24, 27 और 30 पर दर्ज सभी जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलता है । …(व्यवधान) इसी सूची के क्रमांक-51 पर ‘मझवार’ भी दर्ज है, जिसकी उपजातियां – केवट, माझी, मुजाबिर, राजगोंड, मल्लाह, गोंड को 70 साल से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं मिलता है । यह समाज शैक्षणिक और सामाजिक रूप से मुख्यधारा से अलग है । …(व्यवधान)